[भाग I ° डी॰ एल॰-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 402] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 1, 2003/वैशाख 11, 1925

No. 402] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 1, 2003/VAISAKHA 11, 1925

## पर्यावरण और वन मंत्रालय

### आदेश

नई दिल्ली, 30 अप्रैल, 2003

का.आ. 489(अ).— केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय के सं0का0आ0 350(अ), तारीख 17 मई, 1999 के आदेश का अधिक्रमण करते हुए, उन बातों के सिवाय, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, ताज ट्रापेजियम जोन प्रदूषण (निवारण और नियंत्रण) प्राधिकरण (जिसे इसमें इसके पश्चात् प्राधिकरण कहा गया है) के नाम से निम्नलिखित व्यक्तियों को मिलाकर, राजपत्र में इस आदेश के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए प्राधिकरण का पुनर्गठन करती है, अर्थात् :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान सचिव/सचिव, पर्यावरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार | अध्यक्ष |
| 2. | आयुक्त, आगरा डिवीजन | उपाध्यक्ष |
| 3. | उप पुलिस महानिरीक्षक, आगरा रेंज | सदस्य |
| 4. | सदस्य सचिव, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड | सदस्य |
| 5. | पर्यावरण और वन मंत्रालय का एक प्रतिनिधि | सदस्य |
| 6. | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का एक प्रतिनिधि | सदस्य |
| 7. | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का एक प्रतिनिधि | सदस्य |
| 8. | निगम आयुक्त, आगरा | सदस्य |
| 9. | जिला मजिस्ट्रेट, आगरा | सदस्य |
| 10. | उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण | सदस्य |
| 11. | सदस्य सचिव, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड | सदस्य |
| 12. | सचिव, पर्यावरण, राजस्थान सरकार का एक प्रतिनिधि | सदस्य |
| 13. | जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर, राजस्थान | सदस्य |
| 14. | उप पुलिस महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज | सदस्य |
| 15. | उप मुख्य वन्य जीव वार्डन, भरतपुर पक्षी अभ्यारण्य | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | सचिव, शहरी विकास न्यास, भरतपुर | सदस्य |
| 17. | अधीक्षण खनन इंजीनियर, खनन विभाग, भरतपुर | सदस्य |
| 18. | सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड | सदस्य-संयोजक |

2. ताज ट्रापेजियम जोन (उपाबंध देखें) की भौगोलिक सीमाएं ताजमहल के पश्चिम में 26° 45' उ और 77° 15' पू से 27° 45' उ और 77° 15' पू तक के बीच में और ताजमहल पूर्व में 27° 00' उ और 78° 30' पू से 27° 30' उ तथा 78° 30' पू के बीच, जो उत्तर प्रदेश के आगरा में और राजस्थान राज्य के भरतपुर डिवीजन में हैं, एक चतुर्भुजाकार के रूप में परिभाषित की गई हैं ।

3. प्राधिकरण को ताज ट्रापेजियम जोन की, आगरा डिवीजन और भरतपुर डिवीजन की, जो क्रमशः उत्तर प्रदेश राज्य और राजस्थान राज्य में हैं, भौगोलिक सीमाओं के भीतर निम्नलिखित शक्तियां होंगी-

(i) ताजमहल के संरक्षण के लिए विभिन्न स्कीमों के क्रियान्वयन की प्रगति को मानीटर करना और ताज ट्रापेजियम जोन में पर्यावरण के संरक्षण और सुधार के लिए कार्यक्रमों को मानीटर करना ;

(ii) उक्त अधिनियम की धारा 5 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करना ;

(iii) मोटर यानों द्वारा विनिर्दिष्ट उत्सर्जन मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना और ईंधन क्वालिटी मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना ;

(iv) ताज ट्रापेजियम जोन से संबंधित उसे केन्द्रीय सरकार या उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्य सरकारों द्वारा निर्दिष्ट किसी पर्यावरण संबधी मुद्दे को निपटाना ।

4. प्राधिकरण की पूर्ववर्ती शक्तियां और कृत्य केन्द्रीय सरकार के संपूर्ण पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन होंगी ।

5. प्राधिकरण उक्त अधिनियम की धारा 19 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत होगा ।

6. प्राधिकरण, उसे समनुदेशित कार्य को सुकर बनाने के लिए विशेषज्ञों को सहयोजित कर सकेगा ।

7. प्राधिकरण अपने क्रियाकलापों की रिपोर्ट दो मास में कम से कम एक बार केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय को देगा ।


8. प्राधिकरण का मुख्यालय उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित होगा ।

[फा. सं. जेड-20018/1/99-सीपीए]

सी. विश्वनाथ, संयुक्त सचिव

उपाबंध
(पैरा 2 देखें)

ताज ट्रापेजियम की भौगोलिक सीमाएं



## MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS

## ORDER

New Delhi, the 30th April, 2003

S.O. 489(E).— In exercise of the powers conferred by sub-sections (1) and (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) (hereinafter referred to as the said Act) and in supersession of the Order of the Government of India in the Ministry of Environment and Forests, number S.O. 350(E), dated 17th May, 1999, except as things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government hereby re-constitutes the Taj Trapezium Zone Pollution (Prevention and Control) Authority (hereinafter referred to as the Authority), consisting of the following persons, for a period of two years with effect from the date of publication of this Order in the Official Gazette, namely :-

| | |
|---|---|
| 1. Principal Secretary/ Secretary, Environment Department, Government of Uttar Pradesh | Chairman |
| 2. Commissioner, Agra Division | Vice Chairman |
| 3. Deputy Inspector General of Police, Agra Range | Member |
| 4. Member Secretary, Central Pollution Control Board | Member |
| 5. A representative of the Ministry of Environment and Forests | Member |
| 6. A representative of the Ministry of Petroleum and Natural Gas | Member |
| 7. A representative of the Archaeological Survey of India | Member |
| 8. Municipal Commissioner, Agra | Member |
| 9. District Magistrate, Agra | Member |
| 10. Vice Chairman, Agra Development Authority | Member |
| 11. Member Secretary, Rajasthan Pollution Control Board | Member |
| 12. A representative of Secretary, Environment, Government of Rajasthan | Member |
| 13. District Magistrate, Bharatpur, Rajasthan | Member |
| 14. Deputy Inspector General of Police, Bharatpur Range. | Member |
| 15. Deputy Chief Wild Life Warden, Bharatpur Birds Sanctuary. | Member |
| 16. Secretary, Urban Improvement Trust, Bharatpur. | Member |
| 17. Superintending Mining Engineer, Department of Mines, Bharatpur. | Member |
| 18. Member Secretary, Uttar Pradesh Pollution Control Board | Member-Convenor |

2. The geographical limits of the Taj Trapezium Zone (see Annexure) is defined in the shape of a trapezoid between 26° 45'N & 77° 15'E to 27° 45'N & 77° 15'E in the West of the Taj Mahal and in the East of Taj Mahal between 27° 00' N & 78° 30' E to 27° 30'N & 78° 30'E, lying in the Agra Division of the State of Uttar Pradesh and in the Bharatpur Division of the State of Rajasthan.

3. The Authority shall, within the geographical limits of Agra Division and Bharatpur Division in the Taj Trapezium Zone in the States of Uttar Pradesh and Rajasthan respectively, have the power to -

- (i) monitor the progress of implementation of various schemes for protection of the Taj Mahal and programmes for protection and improvement of the environment in Taj Trapezium Zone;
- (ii) exercise powers under section 5 of the said Act;
- (iii) take all necessary steps to ensure compliance of specified emission standards by motor vehicles and ensuring compliance of fuel quality standards;
- (iv) deal with any environmental issue which may be referred to it by the Central Government or the State Governments of Uttar Pradesh and Rajasthan relating to the Taj Trapezium Zone.

4. The foregoing powers and functions of the Authority shall be subject to the overall supervision and control of the Central Government.

5. The Authority shall be authorised to exercise the powers under section 19 of the said Act.

6. The Authority may co-opt experts for facilitating the work assigned to it.

7. The Authority shall furnish a report about its activities at least once in two months to the Central Government in the Ministry of Environment and Forests.


8. The Authority shall have its headquarters at Agra in the State of Uttar Pradesh.

[F. No. Z-20018/1/99-CPA]

C. VISWANATH, Jt. Secy.

1231 GI/03-2

## ANNEXURE
**( see paragraph 2)**




**GEOGRAPHICAL LIMITS OF THE TAJ TRAPEZIUM ZONE**

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

राजस्ट्री सं॰ डी॰ एल॰-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 45] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 14, 2005/पौष 24, 1926

No. 45] NEW DELHI, FRIDAY, JANUARY 14, 2005/PAUSA 24, 1926

## पर्यावरण और वन मंत्रालय

### आदेश

नई दिल्ली, 14 जनवरी, 2005

का.आ. 56(अ).—केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उप-धारा (1) और उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय संख्यांक का.आ. 489(अ), तारीख 30 अप्रैल, 2003 के आदेश में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त आदेश के पैरा 1 में, क्रम संख्यांक 1 से 18 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

| | | |
|---|---|---|
| "1. | आयुक्त, आगरा डिवीजन | अध्यक्ष |
| 2. | जिला मजिस्ट्रेट, आगरा | उपाध्यक्ष |
| 3. | उप पुलिस महानिरीक्षक, आगरा रेंज | सदस्य |
| 4. | सदस्य सचिव, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड | सदस्य |
| 5. | पर्यावरण और वन मंत्रालय का सचिव—भारत सरकार का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 6. | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 7. | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 8. | नगर आयुक्त, आगरा | सदस्य |
| 9. | प्रधान सचिव, पर्यावरण विभाग—उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 10. | सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड | सदस्य |
| 11. | सदस्य सचिव, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड | सदस्य |
| 12. | सचिव, पर्यावरण विभाग—राजस्थान सरकार का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 13. | जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर, राजस्थान | सदस्य |
| 14. | उप पुलिस महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | उप मुख्य वन्य जीव वार्डन, भरतपुर पक्षी अभ्यारण्य | सदस्य |
| 16. | सचिव, शहरी सुधार न्यास, भरतपुर | सदस्य |
| 17. | अधीक्षण खनन इंजीनियर, खान विभाग, भरतपुर | सदस्य |
| 18. | उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण | सदस्य-संयोजक।" |

[फा. सं. जेड-20018/1/99-सीपीए]

आर. के. वैश, संयुक्त सचिव

**टिप्पण :**—मूल आदेश, भारत के राजपत्र में का.आ. 489(अ), तारीख 30 अप्रैल, 2003 में प्रकाशित किए गए।

## MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS

## ORDER

New Delhi, the 14th January, 2005

**S.O. 56(E).**—In exercise of the powers conferred by sub-sections (1) and (3) of Section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986, the Central Government hereby makes the following amendments in the Order of the Government of India in the Ministry of Environment and Forests number S.O. 489(E), dated the 30th April, 2003, namely :—

In the said Order, in paragraph 1, for serial numbers 1 to 18 and the entries relating thereto, the following serial numbers and entries shall be substituted, namely :—

| | | |
|---|---|---|
| "1. | Commissioner, Agra Division | Chairman |
| 2. | District Magistrate, Agra | Vice-Chairman |
| 3. | Deputy Inspector General of Police, Agra Range | Member |
| 4. | Member Secretary, Central Pollution Control Board | Member |
| 5. | Secretary, Ministry of Environment and Forests—Representative of Government of India | Member |
| 6. | A Representative of Ministry of Petroleum and Natural Gas | Member |
| 7. | A Representative of Archaeological Survey of India | Member |
| 8. | Municipal Commissioner, Agra | Member |
| 9. | Principal Secretary, Environment Department—Representative of Uttar Pradesh Government | Member |
| 10. | Member Secretary, Uttar Pradesh Pollution Control Board | Member |
| 11. | Member Secretary, Rajasthan Pollution Control Board | Member |
| 12. | Secretary, Environment Department—Representative of Government of Rajasthan | Member |
| 13. | District Magistrate, Bharatpur, Rajasthan | Member |
| 14. | Deputy Inspector General of Police, Bharatpur Range | Member |
| 15. | Deputy Chief Wildlife Warden, Bharatpur Birds Sanctuary | Member |
| 16. | Secretary, Urban Improvement Trust, Bharatpur | Member |
| 17. | Superintending Mining Engineer, Department of Mines, Bharatpur | Member |
| 18. | Vice-Chairman, Agra Development Authority | Member-Convenor" |

[F. No. Z-20018/1/99-CPA]

R. K. VAISH, Jt. Secy.

**Note :**—The principal Order was published in the Gazette of India *vide* number S.O. 489(E), dated 30th April, 2003.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054